हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर, 2025

12 पत्रकारिता और समाजकार्य की डिग्री को डिप्लोमा में बदलने पर विद्यार्थी दें रहे धरना



12 अंग्रेजी सुलेख में वान्या व हिंदी सुलेख में तनीषा प्रथम



## खबर संक्षेप

### घर से मोबाइल फोन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार द्वारा जिला पुलिस को जिले में चोरी की वारदात करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस भिवानी में घर से मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### फैक्ट्री कर्मी का फोन चुराने का आरोपी पकड़ा

**लोहारू।** गांव गिगनाऊ स्थित फैक्ट्री के कर्मचारी का दो दिन पहले मोबाइल व नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। बता दें फैक्ट्री मालिक राकेश निवासी झांझड़ा श्योराण ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी फैक्ट्री में करने वाले कर्मचारी सुरेश का मोबाइल व नकदी चोरी हो गया है।

### जिला परिषद भिवानी की बैठक होगी आज

**तोशाम।** जिला परिषद भिवानी की आम बैठक 28 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 11 बजे जिला परिषद हाल भिवानी में आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिला परिषद चेयरपर्सन अनीता मलिक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। चेयरपर्सन अनीता मलिक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में पिछली बैठक की पुष्टि के साथ-साथ जिला परिषद विकास योजना पर चर्चा की जाएगी।

### ग्राम विकास मंडल की विशेष बैठक आयोजित

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर स्थित ग्राम विकास मंडल द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 1 नवंबर को होने वाले ''सीईटी बेस्ड एग्जाम'' एवं ''प्रतिभा खोज परीक्षा'' के आयोजन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारी, विद्यार्थियों के लिए सीटिंग प्लान तथा आयोजन की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### मंगलसेन की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**बहल।** जनसंघ के पुरोधा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्व. डॉ. मंगलसेन की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको याद किया व उनके दिखाए जनसेवा के मार्ग को जीवन में उतारने के लिए संकल्प लिया। सोमवार को बहल मार्केट कमेटी के चेयरमैन रवि महमिया, भाजपा नेता पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र मंढोली, मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा पाजू, सज्जन फौजी बिधनोई, पवन शर्मा सुरपुरा आदि मौजूद रहे।

---

### तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर के घाट पर लगा छठ का मेला

# डूबते सूर्यदेव को दिया अर्घ्य छठी मैया से मांगीं मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को छठ पर्व के तीसरे दिन प्रवासी महिला व पुरुषों ने डूबते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। प्रवासियों ने तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर के किनारे भगवान सूर्यदेव व छठ मईया की पूजा अर्चना के लिए पंडाल व मंदिर बनाए। प्रवासी महिला-पुरुषों ने अपने परिवार सहित मिट्टी से बनाए मंदिरों में पूजा-अर्चना की।

■ महिलाओं ने पति व बच्चों की सलामती एवं दीर्घायु की मांगीं मन्नतें

महिलाओं ने दिनभर भूखे प्यासे रहकर उपवास रखा और शाम के समय तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर के किनारे डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने बच्चों और पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि की मन्नतें मांगीं।

उल्लेखनीय हैं कि 25 अक्टूबर शनिवार के दिन नहाय खाय, 26 को खरना लोहंडा, 27 को संध्या अर्घ्य व 28 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः कालीन अर्घ्य देकर छठ पर्व मनाया गया। महिलाओं व श्रद्धालुओं ने सोमवार को छठ मईया का पूरी विधि विधान से पूजन किया। तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर पर दिनभर प्रवासी महिला, पुरुष व बच्चों का जमघट लगा रहा। इसके अलावा शहर के बाहरी क्षेत्रों में खाली प्लॉटों में गहरे गड्ढे बनाकर उसमें पानी भरकर छठ पूजन के लिए अस्थायी व्यवस्था की। प्रवासी परिवार वर्षभर छठ पर्व आने का इंतजार करते हैं। पूर्वोत्तर प्रदेशों के लोगों के लिए ये सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण त्याहोर होता हैं। भिवानी शहर में हजारों की संख्या में प्रवासी परिवार निवास करते हैं, जो हर वर्ष छठ पर्व को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाते हैं। छठ पर्व सूर्य साधना एवं छठ मईया का स्वरूप है। पूर्वांचल के लोग सूर्यास्त से पहले ही जुई नहर में पानी के बीच खड़े हो गए और फलों की टोकरी, पूजन सामग्री, पानी का लोटा आदि लेकर सूर्यदेव को अर्घ्य देकर नमन किया। इसके बाद उन्होंने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने बच्चों व पति की दीर्घायु तथा परिवार की सुख समृद्धि की मन्नतें मांगी। 28 अक्टूबर कल मंगलवार को प्रवासी महिला पुरुष इसी स्थान पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना उपवास खोलेंगे और छठ पूजन का समापन करेंगे। छठ पूजन के दौरान पूर्वोत्तर प्रदेशों के लोगों ने डीजे व ढोल की थाप पर जमकर नाच गाना किया। उन्होंने जमकर पटाखे व आतिशबाजी करके खुशी मनाई। मन्नतें पूरी होने पर परिवारों ने वेदी पर फूल मालाएं चढ़ाकर छठ मईया का आशीर्वाद लिया।



भिवानी। तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर के घाट पर सूर्यदेव व छठ मईया की पूजा अर्चना करती प्रवासी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। जुई नहर के घाट पर डूबते सूर्य की पूजा अर्चना करती प्रवासी महिलाएं।

#### ई-रिक्शा व ऑटो चालकों ने की जमकर कमाई

तोशाम बाइपास स्थित जुई नहर का घाट शहर से काफी दूर बिल्कुल बाहर हैं, जिसके चलते प्रवासी परिवारों को वहां पहुंचने के लिए आटो-रिक्शा व ई-रिक्शा का सहारा लेना पड़ा। छठ पर्व के चलते ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों ने जमकर कमाई की। इस दौरान ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा खचाखच भरकर चलते दिखाई दिए। इसके अलावा घाट के आसपास खाद्य एवं पेय पदार्थों के अनेक स्टॉल व रेहड़ी लगी रही, जिनकी जमकर बिक्री हुई।

#### पेट पिलानी चलकर घाट पर पहुंचे श्रद्धालु

पूर्वोत्तर प्रदेशों के लोगों द्वारा छठ मईया व सूर्यदेव से मन्न्तें मांगीं जाती हैं, जो पूर्ण होने पर अनेक श्रद्धालु पेट पिलानी चलकर घाट पर पहुंचते हैं और छठ मईया व सूर्यदेव की पूजा अर्चना कर उनका धन्यवाद करते हैं। वहीं पूर्वांचल प्रदेशों के लिए ये पर्व बहुत ही महत्वपूर्ण होता हैं। प्रवासी लोग इस पर्व का बड़े ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। वहीं तोशाम बाइपास क्षेत्र से ज्यादा दूरी पर रहने वाले व औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों ने खाली प्लॉटों में अस्थायी तौर पर गड्ढे खोदकर पानी भरा और उसमें खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।

#### बैरिकेट्स लगा यातायात व्यवस्था का मोर्चा संभाला

छठ पर्व की पूजा अर्चना के दौरान तोशाम बाइपास रोड पर वाहनों व लोगों की जबरदस्त भीड़ रही। इस दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रुप से संचालित करने के लिए पुलिसकर्मियों ने बैरिकेट्स लगाकर मोर्चा संभाला। सोमवार को जुई नहर के पुल के दोनों तरफ पुलिस कर्मचारियों ने बैरिकेट्स लगाए और वाहनों को व्यवस्था बनाकर निकाला, ताकि वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन करने में किसी प्रकार की दिक्कत एवं परेशानी न हो।

---

लाभार्थियों से नहीं हो पा रही पूरी शर्ते, हजारों महिलाए योजना से रह गई वंचित

# लाडो की राह में अड़चन बना आधार: फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि सतारूढ सरकार ने महिलाओं के लिए लागू की गई लाडो लक्ष्मी योजना का फायदा नहीं मिलता दिख रहा। चूंकि सरकार ने इस योजना की लाभार्थियों पर इतनी शर्ते थोप दी कि वे उन शर्तों को पूरा ही नहीं कर पा रही है। जिस वजह से हजारों महिलाओं का इस योजना के लिए अभी तक पंजीकरण तक नहीं हो पाया है। ऐसे में किस तरह से उनको इस योजना का फायदा मिल पाएगा। वे आज जनसम्पर्क अभियान के तहत गाँव अलखपुरा, पालुवास, कलिंगा, खरक लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना की पात्रों के लिए सास ससूर का आधार कार्ड, किराए पर रहने वालों का बिजली का बिल व अन्य इस तरह की कई शर्त लागू कर दी।



भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए।

#### किसानों की उपेक्षा और संकट

कुछ महिलाएं अपने पति व सांस व ससूर से अलग रह रही है। ऐसे में किस तरह से आधार कार्ड दे सकते है। जक उनका इस योजना के लाभ के लिए पंजीकरण नहीं हो पाएगा। फिलहाल सरकार की शर्तो की वजह से इस योजना का कोई फायदा नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि पहले प्रकृति के प्रकोप बारिश से किसानों के खेतों व मकानों में जबरदस्त जलभराव हो गया था। उस पानी की निकासी आज तक नहीं हो पाई है। यहां तक पानी से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा तथा क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए कोई राशि आदि नहीं दी गई है। ऐसे में किस तरह से किसान अपने परिवार का पालन व पोषण कर सकते है। जबकि सरकार ने दिवाली से पहले किसानों को मुआवजा दिलाए जाने का वायदा किया था। लेकिन किसानों की जो फसल बची है उसके लिए भी किसान लाइन में लगे हुए है। सरकार को लोगों से कोई हमदर्दी नहीं है।

---

# किसानों की समस्याओं के ज्ञापन की बातें रखी, समाधान का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूर संगठन सीटू भिवानी ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में 16 अक्तूबर को दिए गए ज्ञापन की मांगों पर सिलेसिलेवार बातचीत की। यह बैठक उपायुक्त साहिल गुप्ता ने बुलाई थी। जिला प्रशासन ने दोनों संगठनों के 11 सदस्य प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर बातचीत की। बातचीत में मुख्य रूप से किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, दयानंद पूनिया, जिला सचिव मास्टर जगरोशन व संयुक्त सचिव डा. बलबीर ठाकन व भारतीय किसान यूनियन नैन गुरप के मेवा सिंह आर्य ने भाग लिया।

#### सरकारी बिक्री पर भी की चर्चा

बातचीत में मुख्य रूप से ओवरफ्लो होने से जिले के तीन दर्जन गांवों में बाढ़/जलभराव की निकासी का मुद्दा उठाया गया। बाजरा, कपास व धान की सरकारी बिक्री पर चर्चा हुई। अभी जलभराव की निकासी नहीं हो रही है, रबी फसल की बुआई भी नहीं हो पाएगी, शीघ्र जल भराव निकासी हो ताकि किसान रबी फसल की बुआई हो सके। एक लाख रुपये प्रति एकड़ बर्बाद फसलों का शीघ्र मुआवजा देने, मजदूरों को भी मुआवजा मिले, घरों को हुए नुकसान की भरपाई हो, बाजरा, कपास, मूंग व धान की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद हो, डीएपी-यूरिया खाद मांग के अनुसार मिले, कालाबाजारी पर रोक लगे, बिजली टावरों व तेल पाईप लाइनों का न्यायोचित मुआवजा मिले, बकाया बिजली कन्केशन जारी हो, क्रोप कटिंग मे धांधली बंद हो, बाढ़ पीड़ित गांवों में 200 दिन मनरेगा काम 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी से तुरंत लागू होर, 350 करोड़ रुपये बीमा फ्रॉड की जांच हो, किसानों को ब्याज समेत पूरा पैसा मिले।

#### अधिकारी समसयाओं को जल्द निपटाएं

उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि रोड़वेज विभाग प्राईवेट बस मालिकों को स्पष्ट आदेश दें कि व वरिष्ठ नागरिकों व छात्रों को नियमानुसार छूट दें, मजदूरों की समस्याओं का समाधान करें, ट्यूवैल कन्केशन प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दिए जाए, जले हुए ट्रांसफर विधुत निगम अपनी लागत पर तुरंत बदले, उन्होंने सभी मांगों को पूरा करने पर सहमति जताई। पहली नवंबर से सरकारी कपास की खरीद शुरू की जाएगी। इस अवसर पर किसान नेत्री संतोष देशवाल, चौ. देवीलाल मंच के विजय गोठड़ा, किसान सभा के रामोतार बलियाली, सुबेदार धनपत ओबरा आदि रहे।

---

### लगाया भ्रष्टाचार फैलने का आरोप

# खानक में क्रशर मालिकों ने वेदर स्टोन की ऑक्शन बंद करवाने की मांग की

क्रेशर मालिकों ने ऑक्शन के कारण सरकार को राजस्व का भारी नुकसान होने की भी बात कही, संबंधित अधिकारियों ने की मुद्दे पर टाल-मटोल

**तोशाम।** गांव खानक में चल रहे खनन के दौरान वेदर स्टोन की ऑक्शन बंद करने के लिए क्रेशर मालिकों ने एचएसआईआईडीसी के एचओडी के नाम एक पत्र लिखकर एचएसआईआईडीसी खानक कार्यालय में दिया है। क्रेशर मालिकों ने इस ऑक्शन के कारण भ्रष्टाचार फैलने का भी आरोप लगाया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को खानक-डाडम क्रेशर एसोसिएशन के दर्जनों क्रेशर मालिकों ने एचएसआईआईडीसी द्वारा दी जा रही वेदर स्टोन की बोली को बंद करने की मांग को लेकर एचएसआईआईडीसी पंचकूला के एचओडी के नाम खानक स्थित एचएसआईआईडीसी कार्यालय में मौजूद अधिकारियों को पत्र दिया है। पत्र के माध्यम से क्रेशर मालिकों ने आरोप लगाया है कि वेदर स्टोन की बोली से भ्रष्टाचार फैल रहा है और राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है।



खानक पहाड़ की फाइल फोटो।

---

# सांसद किरण चौधरी के संज्ञान में आते ही किरावड़ जलघर में चल रहा कार्य रुका

■ ग्रामीणों ने लगाया घटिया सामग्री इस्तेमाल का आरोप, सांसद प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर कराया काम बंद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा

क्षेत्र के गांव किरावड़ में करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे जलघर के निर्माण कार्य में निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल होने का आरोप लगने के बाद रविवार को काम रोक दिया गया। ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किए जाने के बाद मामला राज्यसभा सांसद मैडम किरण चौधरी के संज्ञान में आया।

उन्होंने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले की जांच की जाए और जब तक गुणवत्ता की पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। सांसद के निजी सचिव और कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया। गांव के पंच प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बताया कि जलघर में हो रहा काम करोड़ों रुपए की परियोजना के तहत चल रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा घटिया और निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था। ग्रामीणों ने कई बार निर्माण स्थल पर जाकर ठेकेदारों से इस बारे में बात की, लेकिन उन्होंने अपने काम को सही बताया और किसी भी तरह की कमी से इंकार किया। जब ठेकेदारों ने ग्रामीणों की बातों को नजरअंदाज किया तो उन्होंने निर्माण कार्य की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जिससे मामला तेजी से वायरल हो गया।

#### निर्माण कार्य में गुणवत्ता आवश्यक

पंच प्रतिनिधि राहुल तंवर, दर्पण पंच, बिजेंद्र कुमार, कर्मवीर ओड, रणधीर धानिया, किशोरी ओड, और राजेश श्योराण सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि जलघर का काम गांव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन अगर निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग जारी रहा तो भविष्य में इसकी उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से हो रहे इस निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों जरूरी हैं। ग्रामीणों ने सांसद किरण चौधरी का धन्यवाद किया कि उन्होंने तुरंत संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच के आदेश दिए। अब ग्रामीणों ने मांग की है कि विभागीय अधिकारी मौके पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें ताकि भविष्य में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर कोई सवाल न उठे।

---

# जलभराव नुकसान से संबंधित कोई भी व्यक्ति सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने क्षतिपूर्ति पोर्टल, मिसमैच डाटा, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, डीएपी व यूरिया खाद, बाढग्रस्त मकानों व खरीफ फसल खरीद की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। वहीं डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेतों में जमा पानी की जल्द से जल्द निकासी की जाए ताकि किसान को नुकसान ना हो और समय पर गेहूं की बिजाई हो सकें। पानी निकासी के लिए जरूरत हो तो पड़ोसी जिलों से पाइप, पंप सेट आदि संसाधन लिए जा सकते हैं।

डीसी ने क्षतिपूर्ति पोर्टल, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, डीएपी व यूरिया खाद, जलभराव ग्रस्त

#### सभी प्रभावितों को सहायता

डीसी गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल भराव या बारिश से प्रभावित हुए मकानों व पशुओं के नुकसान से संबंधित कोई भी व्यक्ति सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए। जलभराव से क्षतिग्रस्त हुए मकानों की फोटो सर्वे रिपोर्ट के साथ में लगाएं। पटवारी द्वारा किए गए मकानों के सर्वे की अधिकारी स्वयं पड़ताल करें। संबंधित व्यक्ति का बैंक खाता और आईएफएससी कोड सही होना चाहिए ताकि सरकार द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि उसके खाते में सही ढंग से पहुंच सके। डीसी ने सहकारिता विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला के सभी पैक्स प्रबंधकों के साथ में बैठक कर डीएपी खाद का वितरण सही ढंग से सुनिश्चित करें और ब्लैक में खाद नहीं बिकना चाहिए।

---

# डीसी कॉलोनी में 20 साल पुराना बूस्टर बदहाल, दूषित जलापूर्ति से मचा हाहाकार

▶▶| बूस्टर की सफाई करवाने व क्षमता बढ़ाने को लेकर समाधान शिविर में लगाई गुहार

▶▶| बूस्टर की सफाई नहीं होने एवं दूषित पानी पीकर बीमार हो रहे क्षेत्रवासी: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी कॉलोनी के वार्ड नंबर-30 व 31 के निवासी पिछले कई वर्षो से पेयजल संकट और दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कॉलोनी को पानी सप्लाई करने वाला बूस्टर, जो लगभग 20 साल पहले स्थापित किया गया था, अब गंदगी का ढेर बन चुका है और निवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। बूस्टर के पानी की सप्लाई की समस्या के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को कॉलोनीवासी स्थानीय लघु सचिवालय पहुंचे तथा समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुकत के समक्ष गुहार लगाई।



भिवानी। पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते क्षेत्रवासी।

#### 20 साल से नहीं हुई सफाई

इस बारें में वार्डवासी रिटायर्ड सूबेदार सतबीर सिंह यादव, रिटायर्ड मैनेजर रामकुमार, किसान नेता गंगाराम श्योराण, राजपाल, जिलेसिंह व महिपाल ने बताया कि बूस्टर की सफाई पिछले 20 सालों से नहीं हुई है। टैंक के अंदर कागज, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य कूड़ा-कर्कट खुलेआम तैर रहा है। पानी के नीचे बड़ी मात्रा में गाद और मिट्टी जमा है, जिससे पानी पूरी तरह से दूषित हो चुका है। बूस्टर के होद का ढक्कन भी टूटा हुआ है, जो बाहरी गंदगी और कीटों के प्रवेश को और आसान बना रहा है।

---

**शिलान्यास** वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनेगा सीनियर सिटीजन क्लब का भवन

एसे कई लोगा हैं जो अपने जीवन की कमाई सामाजिक कार्यों में लगाते हैं: सांसद

# सरकार भी सीनियर सिटीजन को दे रही है अनेक योजनाओं का लाभ: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में समाज सेवा का एक उदाहरण पेश करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के विधि विभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुंदर सिंह शीलवंत ने अपने सेवानिवृत्ति उपरांत प्राप्त धनराशि से वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बड़ी संस्था की नींव रखी है। यह संस्था 'सीनियर सिटीजन क्लब भवन के रूप में विकसित की जा रही है, जिसका निर्माण 'महाराणा भामाशाह सोनी चैरिटेबल ट्रस्ट' के बैनर तले किया जा रहा है। इस क्लब के भवन का शिलान्यास भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह ने डॉ. शीलवंत की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग बहुत कम हैं जो अपनी जीवन भर की कमाई को सामाजिक व धार्मिक कार्यों में समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. शीलवंत का यह प्रयास आने वाले समय में भिवानी सहित आसपास के क्षेत्रों के बुजुर्गों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। कहा कि सरकार का भी प्रयास है कि वृद्ध लोगों को कोई समस्या न हो , जिसके चलते अनेक योजनाएं सीनियर सिटीजन के लिए तैयार की गई हैं, जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है।



भिवानी। सीनियर सिटीजन क्लब के भवन का शिलान्यास करते सांसद धर्मबीर सिंह।

#### सीनियर सिटीजन क्लब स्थापना

डॉ. सुंदर सिंह शीलवंत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के लिए उन्होंने भिवानी जॉनपाल के रकबा में बापोड़ा-देवसर रोड़ पर दो एकड़ भूमि खरीदी है। उन्होंने बताया कि यह भूमि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की धारा 7-ए के अंतर्गत आती है, इसलिए बिना सीएलयू के कोई निर्माण संभव नहीं था। सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयासों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त हुईं, जिसके बाद यह कार्य संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी होने में लगभग सवा दो वर्ष का समय लगा। भविष्य की रूपरेखा बताते हुए डॉ. शीलवंत ने कहा कि यह सीनियर सिटीजन क्लब भिवानी, देवसर, दिनोद और बापोड़ा क्षेत्र के बुजुर्गों के लिए एक ऐसा स्थान बनेगा, जहां वे दैनिक सैर, हल्का व्यायाम, खेलकूद और मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से अपने जीवन के संध्या काल को उत्साह और सुकून के साथ व्यतीत कर सकेंगे। इस मौके पर सांसद धर्मबीर सिंह ने डॉ. शीलवंत द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत तीन प्रेरणादायक गीतों भी विमोचन किया।

हरिभूमि सहेली



# रिश्ते में पहचानें यलो फ्लैग्स बॉन्डिंग बनाएं बेहतर

आजकल रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं है। यह बात मैरीड लाइफ में और ज्यादा मायने रखती है। रिश्ते बेहतर रहें, इसके लिए दोनों तरफ से एफर्ट करना जरूरी है। दोनों में कोई एक भी रिश्ते को लेकर लापरवाह है, तो समस्याएं जन्म लेंगी, मतभेद होंगे, हम तनाव से घिरेंगे। इस तरह की बातें या प्रॉब्लम्स 'यलो फ्लैग्स' कहलाती हैं। इस तरह की सिचुएशन न आए, रिश्ते खुशगवार रहें, एक्सपर्ट की जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी

गीता सिंह

इस नए दौर में रिश्ते तो बहुत आसानी से कायम हो जाते हैं, लेकिन उनको लंबे समय तक प्रेमपूर्वक बनाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिश्ते में दो लोगों का आपस में बंधे रहना ही काफी नहीं होता है, दोनों किस तरह से अपने रिश्ते में बने हुए हैं, यह बात भी बहुत मायने रखती है। यदि हम किसी के साथ दोस्ती या प्रेम के रिश्ते में हैं, विशेष रूप से पति-पत्नी हैं तो हमें समय-समय पर रिश्ते में दिखने वाले 'यलो फ्लैग्स' यानी बनती दूरियां, मतभेद और खत्म होती बॉन्डिंग को समझना चाहिए, समझना ही नहीं चाहिए, समय रहते इसे संभालना भी चाहिए, संबंधों में आए मनमुटाव को खत्म करना चाहिए। रिश्ते में हम अकसर रेड फ्लैग्स की बात करते हैं, लेकिन यलो फ्लैग्स भी इंपॉर्टेंट हैं, ये सावधान करते हैं, उन समस्याओं या चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है, ताकि रिश्ते को सही दिशा में ले जाया जा सके। यहां कुछ 'यलो फ्लैग्स' दिए जा रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ यलो फ्लैग्स और इन्हें दूर करने के उपायों के बारे में।

### रिश्ते में बैलेंस न होना

किसी भी रिश्ते में दोनों पक्षों का योगदान समान होना चाहिए। यदि आप महसूस करती हैं कि आपके रिश्ते में एक पक्ष अधिक प्रयास कर रहा, दूसरा पक्ष कम, तो यह रिश्ते में बैलेंस न होने के संकेत हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो दिखाता है कि केवल एक ही पक्ष रिश्ते को लेकर गंभीर है, दूसरा पक्ष रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### अपमानजनक व्यवहार

एक प्रेम भरे सफल रिश्ते के लिए जरूरी है, दोनों साथी एक-दूसरे का सम्मान करें। यदि आप एक ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आपका साथी लगातार आपसे अपमानजनक व्यवहार करता है, जैसे कि वह आपको नीचा दिखाता है या आपकी भावनाओं की अनदेखी करता है, तो निश्चित ही ये आपके रिश्ते में एक यलो फ्लैग है।

### संवाद में कमी व समय न देना

संवाद किसी भी स्वस्थ रिश्ते की नींव होता है। यदि आपका साथी, आपके साथ खुलकर बात नहीं करता या आपकी बातें अनसुनी कर देता है। साथ ही आपका साथी लगातार व्यस्त रहता है, आपको समय नहीं दे पाता, यह इस बात का संकेत है कि आप उसकी प्राथमिकता सूची में नीचे हैं। इस तरह की बातें आपके रिश्ते के लिए यलो फ्लैग्स हैं। भविष्य में बड़ी समस्याओं का संकेत हैं।



### अकेले योजनाएं बनाना और निर्णय लेना

रिश्ता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसका ध्यान दोनों साथियों को रखना होता है। किसी भी साथी को अकेले प्लानिंग या फैसले नहीं लेने चाहिए, खासकर अगर इसमें आप दोनों की भलाई और जिंदगी शामिल हो। ऐसे मसलों पर आपके साथी को आपसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित ही आपके रिश्ते के लिए एक बड़ा वाला यलो फ्लैग है।



**विश्वास की कमी**

रिश्ते में विश्वास एक महत्वपूर्ण तत्व है। अगर आपका साथी छोटी-छोटी बातों पर भी आप पर शक करता है या आप उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पाती हैं या फिर आपकी गतिविधियों पर जरूरत से ज्यादा नजर रखता है, आपकी पसंद पर हुक्म चलाता है। आपको दोस्तों और परिवार से अलग-थलग करने का प्रयास करता है, तो यह एक यलो फ्लैग है। इसके चलते रिश्ते में स्ट्रेस और अन्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना और नियंत्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना एक स्वस्थ रिश्ते के लिए बेहद जरूरी होता है।

### भावनात्मक अनुपलब्धता

रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग बेहद जरूरी है। अगर आपका साथी लगातार भावनात्मक अंतरंगता से बचता है, अलग-थलग सा लगता है, या भावनात्मक सहयोग देने में नाकाम रहता है, तो आपके रिश्ते में यह एक यलो फ्लैग यानी खतरे की घंटी है।

**छोटी-छोटी बातों पर बहस करना:** यदि आप और आपका साथी अकसर छोटी-छोटी बातों पर बहस करते हैं, अपनी ही बातों को सही ठहराने के लिए गुस्सा करते हैं या बात करना बंद कर देते हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो बताता है कि भविष्य में बड़े मुद्दों पर भी बहस हो सकती है।

### रिश्ते में यलो फ्लैग्स से कैसे डील करें

जब आप रिश्तों के बीच यलो फ्लैग्स के संकेतों को पहचान जाएं तो इन यलो फ्लैग्स पर ध्यान देकर और उन पर खुलकर बातचीत करके, अपने रिश्ते को मजबूत और स्वस्थ बनाएं। रिश्ते को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाएं और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। इसके साथ ही कुछ और बातों को अमल में लाकर आप रिश्ते के इन यलो फ्लैग्स को ग्रीन फ्लैग में बदल सकते हैं।

- सबसे पहले अपने साथी के साथ उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो समस्या का कारण हैं। साथ ही ध्यान दें कि क्या आप दोनों मिलकर अपनी समस्याओं को हल करने में कामयाब हैं।
- यदि आप खुद से इन मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी रिलेशनशिप काउंसलर या थेरेपिस्ट से मदद लेने पर विचार करें।
- यदि फिर भी यलो फ्लैग बने रहते हैं और आपको लगता है कि वे रिश्ते को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं, तो आपको यह निर्णय लेना होगा कि क्या आप इस रिश्ते को जारी रखना चाहते हैं या नहीं।

याद रखें, हर रिश्ता खास होता है। सभी का किसी भी परेशानी से निपटने का तरीका भी अलग-अलग होता है। अपने विवेक पर भरोसा रखें, अपने अंतर्मन की सुनें, अपने को प्राथमिकता दें, और जरूरत पड़ने पर कड़ा फैसले लेने को भी तैयार रहें।

**(रिलेशनशिप काउंसलर सलोनी चौधरी से बातचीत पर आधारित)**


# त्योहारों के बाद उदासी क्यों इससे कैसे उबरें

त्योहारों के हर्षोल्लास और व्यस्तता के बाद जब सब कुछ संपन्न हो जाता है, तो कुछ महिलाओं के मन में उदासी और सुस्ती का भाव देखा जाता है। इसे पोस्ट फेस्टिवल ब्लूज कहते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे उबरें, जानें।

सलाह

शिखर चंद जैन

जब त्योहार आते हैं, हम उत्साह-उमंग से भर उठते हैं। त्योहार के आगमन से काफी समय पहले से ही हमारा सारा ध्यान उसकी तैयारी में लग जाता है। हम बहुत खुशी के साथ शॉपिंग करते हैं, अपने लिए नई ड्रेसेस लाते या बनवाते हैं। घर की साफ-सफाई, साज-सज्जा करते हैं। मिठाइयां-पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलते-जुलते हैं। लेकिन त्योहार के बाद हमारी दिनचर्या में एक रिक्तता आ जाती है। मन उदासी से घिर उठता है। यह एक प्रकार का इमोशनल बर्नआउट है।



### उदासी के कारण

कुछ महिलाएं त्योहारों के अवसर पर बंदनवार, आसन, रेडीमेड रंगोली, कंदील, सजावटी दीये, गिफ्ट रैपिंग, गिफ्ट हैंपर बनाने, पूजन सामग्री बेचने, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर के कामों से पैसे अर्न करती हैं। त्योहार बाद उनके मन में एक डर आता है कि अब कमाई का जरिया कमजोर पड़ जाएगा। जो पुरुष कारोबारी हैं, त्योहारों से संबंधित सामान बेचते हैं, उन्हें भी चिंता सताती है कि अब कारोबार मंदा हो जाएगा। इस चिंता का असर घर की महिलाओं पर भी पड़ता है।

### हैप्पी-हार्मोन का स्तर घटना

त्योहार के बाद मन में उदासी का बड़ा कारण यह भी होता है कि लोगों को लगता है कि अब उमंग-उत्साह का माहौल समाप्त हो गयौ। इस तरह त्योहारों के दौरान महसूस होने वाला हर्षोल्लास और 'हैप्पी-हार्मोन' जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन का स्तर अचानक कम हो जाता है, इस कारण निराशा महसूस होती है।



### उदासी के लक्षण

किसी त्योहार के बाद उदासी के लक्षण हमें इस रूप में दिखाई देते हैं, जैसे भावनात्मक और शारीरिक थकान, उत्साह के लुप्त हो जाने पर खालीपन की भावना और उदासी। दिनचर्या में वापस लौटने की चिंता, भीतर की एनर्जी में गिरावट के कारण निराशा या बेचैनी, नींद न आना या अधिक नींद आना।

### उदासी दूर करने के लिए क्या करें

उदासी दूर करने के लिए यहां बताए जा रहे कुछ साधारण लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं।

**ध्यान और जागरुकता:** माइंडफुलनेस मेडिटेशन करें। ऐसे अभ्यास आपको वर्तमान में बने रहने और अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक रहेंगे। अपने मन को शांत रखने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन:** त्योहारों के बाद अपनी जीवनशैली को स्पीड मोड से बदल कर स्लो मोड में लाएं। पुरानी दिनचर्या, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और उचित नींद आपके मूड और आंतरिक ऊर्जा के स्तर को दुरुस्त करेंगे।

**सामाजिक समर्थन:** त्योहार बाद मित्रों और परिवार के साथ समय बिताएं। अपने पसंदीदा रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ गपशप करें। इन सब बातों से आपकी आंतरिक ऊर्जा रिचार्ज होगी।

**भावनाओं को लिखें, रुके कामों पर ध्यान दें:** अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। इससे दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। त्योहारों के दौरान जो काम बाकी रह गए थे, उन्हें पूरा करने में अपना ध्यान लगाएं।

# पार्टी से लौटने के बाद फॉलो करें प्रॉपर स्किन केयर रुटीन

अगर आप पार्टी से घर लौटकर प्रॉपर स्किन केयर नहीं करती हैं, तो आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए मेकअप रिमूवल जरूरी है। हम आपको यहां कुछ ईजी टिप्स बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप स्किन को डैमेज होने से बचा सकती हैं।

स्किन केयर

नीलोफर

चाहे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है, किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में जाना है, किसी की रिसेप्शन पार्टी अटेंड करनी है या शादी में जाना है, हम दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम कई दिन पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं। हमें क्या पहनना है, आउटफिट के साथ मैच करती ज्वेलरी, फुटवियर और कैरी किए जाने वाला पर्स सब पहले से सेट कर लेते हैं। मेकअप कैसा हो हैवी या लाइट, यह भी हम पहले ही सोच लेते हैं। लेकिन पार्टी अटेंड करने के बाद इन मेकअप प्रोडक्ट्स का हमारी त्वचा पर क्या असर होता है और घर आने के बाद हमें अपने स्किन की सही देखभाल के लिए कौन से जरूरी स्टेप फॉलो करने चाहिए, यह जानना भी बहुत ज्यादा जरूरी है।



### मेकअप रिमूवल है जरूरी

पार्टी से लौटकर आने के बाद आप भले ही कितनी थक जाएं, लेकिन अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। कई बार पार्टी में डांस के बाद पैर थक जाते हैं और आप सोचती हैं कि मेकअप सुबह रिमूव कर लेंगी तो इससे आपके स्किन के पोर्स में गंदगी फंसी रह जाती है। इसलिए मेकअप रिमूवल सोने से पहले जरूरी है।



### चेहरे को करें क्लीन

सबसे पहले मेकअप को चेहरे से हटाएं और चेहरे को क्लीन करें ताकि बची हुई गंदगी और मेकअप हट जाए। इसके लिए फेसवॉश का इस्तेमाल करें, फेसवॉश ऐसा हो, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखे।

### स्किन रहेगी हाईड्रेट

मेकअप को रिमूव करने के बाद और चेहरे की क्लींजिंग के पहले स्किन को हाईड्रेट करना जरूरी है, इसके लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नेचुरल स्किन कंडीशिनिंग एजेंट्स, नेचुरल ऑयल और विटामिन हो जो स्किन की रात भर नमी दे।

### आंखों की न करें अनदेखी

लेट नाइट पार्टीज में आंखों के नीचे की स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि देर रात तक जगने के कारण डार्क सर्कल्स और पफी आइज होना कॉमन है। इसके लिए अंडर आई स्किन को नरिश करने के लिए अपने साथ हमेशा आईक्रीम रखें, जिससे आंखों के नीचे के काले घेरों से बचाव हो सके। आंखों और होंठों के मेकअप को रिमूव करने के लिए एक नर्म मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें, क्योंकि आंखों और होंठों की त्वचा बेहद नर्म होती है। इन्हें साफ करने के बाद कॉटन पैड पर क्लीनिंग ऑयल लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### टोनर का करें यूज

जिस दौरान चेहरे से मेकअप को रिमूव किया जाता है, उस समय चेहरे की त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। चेहरे की त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने के लिए टोनर का जरूर इस्तेमाल करें।

### मॉयश्चराइजर लगाएं

पूरे चेहरे का मेकअप हटाने और चेहरे की पूरी सफाई करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि यह आपकी त्वचा को ड्राय न होने दे, उसकी नमी को हमेशा बरकरार रखे।

# बदलते मौसम में ऐसे करें हेल्थ केयर

बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे ही यूजफुल सजेशंस।

मेडिकल सजेशन

डॉ. रवींद्र गुप्ता

सीनियर फिजिशियन

सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में आपको कौन-सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और उनसे कैसे बचाव कर सकते हैं?

**श्वसन तंत्र संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में ठंडी हवाओं के कारण सर्दी, खांसी, फ्लू और इंफ्लूएंजा का रिस्क बढ़ जाता है। धूल कणों और प्रदूषण की वजह से एलर्जी और अस्थमा के भी लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही आंखों और नाक से पानी गिरना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

**मच्छरों से होने वाली बीमारियां:** बरसात के बाद जमा होने वाले पानी में मच्छर पनपने लगते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। जिनमें तेज बुखार, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**दूषित जल से होने वाली समस्याएं:** बरसात खत्म होने के बाद पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर पीने का पानी स्वच्छ न हो तो इससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्या हो सकती है। इससे पेटदर्द, उल्टी और दस्त आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**जोड़ों में दर्द:** ठंड की वजह से कुछ महिलाओं को जोड़ों में दर्द होने लगता है। खासतौर पर 50 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण यह समस्या ज्यादा परेशान करने लगती है।

**फंगल इंफेक्शन-स्किन ड्रायनेस:** महिलाओं को फंगल इंफेक्शन और स्किन में ड्रायनेस जैसी समस्याएं भी इस मौस्म में परेशान करती हैं।

**मेंटल प्रॉब्लम्स:** कुछ महिलओं को इस बदलते हुए मौसम में मूड स्विंग, सुस्ती और उदासी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी परेशान करती हैं, जिन्हें सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

**कैसे करें बचाव:** इन समस्याओं से ऐसे बचें।

- हमेशा उबला हुआ स्वच्छ पानी पिएं।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बेहतर यही होगा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- रूखेपन की समस्या के लिए नियमित रूप से मॉयश्चराइजर और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना सात-आठ गिलास पानी पिएं, जूस और सूप भी पिएं।



**प्रस्तुति: विनीता**

# परिचय देने का अंदाज हो सम्मानजनक

कुछ लोग अकसर किसी का परिचय एक कटाक्ष के अंदाज में देते हैं। इससे जिसका परिचय दिया जा रहा है, वह तो एंब्रेस फील करता ही है, वहां मौजूद लोगों को भी अटपटा लगता है। इसलिए जब भी किसी का परिचय दें, सम्मानजनक ढंग से दें।

एटिकेट

मेघा राठी

आकृति ने एक पार्टी में अपने पति से अपनी सहेली शोभा का परिचय कुछ इस अंदाज से कराया, 'इनसे मिलिए, यह हैं शोभा, सोशल मीडिया की क्वीन हैं, छाई रहती हैं पोस्ट और फोटो से।'

शोभा को यह तरह परिचय देना बड़ा अजीब-सा लगा। उसने टोका, 'आकृति, तुम मेरा परिचय मेरे प्रोफेशन या मेरी फैमिली से जोड़कर दो। यह किस ढंग से मेरा परिचय दे रही हो?'

'अरे चिल्ड यार, मजाक कर रही हूं।' आकृति समझ गई थी, उससे अंजाने में गलती हो गई है।

**फर्स्ट इंप्रेशन है किसी का परिचय:** अकसर लोग किसी का परिचय सही ढंग से कराने में चूकते हैं। जबकि किसी व्यक्ति के सामने किसी का परिचय देना, उसके 'फर्स्ट इंप्रेशन' की तरह होता है। पहले परिचय का प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम किसी का परिचय करवाते हैं, यह सुनिश्चित करना जरूरी है, वहां मौजूद लोगों के सामने उस व्यक्ति की सकारात्मक छवि पेश हो। अकसर सामाजिक या पेशेवर माहौल में हम दूसरों का परिचय कराते समय मजाक कर जाते हैं, जो सामने वाले को असहज कर सकता है, वह व्यक्ति न केवल अपमानित महसूस करता है, संबंधों में एक दूरी आती है। इसलिए यह जरूर जानें कि एक प्रभावशाली और सम्मानजनक परिचय देते समय किन बातों का ध्यान रखें-



**नकारात्मक शब्दों से बचें:** परिचय देते समय हमेशा सकारात्मक बातों से परिचय दें। ऐसे शब्दों से बचें, जो किसी भी प्रकार की आलोचना या नकारात्मकता को दर्शाते हों। कभी-कभी मजाक में भी नकारात्मक बातें बुरी लग जाती हैं, इसलिए हर शब्द का चुनाव सावधानी से करें। इस उदाहरण को देखें-

**गलत तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी खासियत है कि ये सबकी टांग खींचने में माहिर हैं।

**सही तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी हाजिरजवाबी और मजाकिया स्वभाव से हर माहौल खुशनुमा हो जाता है। नकारात्मक टिप्पणियां, चाहे मजाक में ही क्यों न हों, सामने वाले के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचा सकती हैं।

**अतिशयोक्ति से बचें:** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे किसी व्यक्ति की तारीफ बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं। यह सही नहीं है, क्योंकि इससे वह व्यक्ति जिसका परिचय दिया जा रहा है और वहां मौजूद अन्य लोग दोनों ही असहज हो सकते हैं। किसी की प्रशंसा करना अच्छी बात है, लेकिन अतिशयोक्ति के बिना होनी चाहिए। जैसे-

**गलत तरीका:** यह दीपा हैं। कंपनी की सबसे मेहनती और सबसे सफल वर्कर हैं।

**सही तरीका:** यह दीपा हैं। यह हमारी टीम में विश्लेषण का काम करती हैं, अपने डेडिकेशन के लिए जानी जाती हैं।

इस तरह का सटीक और सम्मानजनक परिचय न केवल वहां उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाता है, बल्कि परिचित होने वाले व्यक्ति को भी कुछ और बड़ा करने के लिए प्रेरित करता है।

**उपलब्धियों और गुणों से कराएं परिचय:** व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और कौशल का सम्मानपूर्वक उल्लेख करें, बिना किसी प्रकार की तुलना या टीका-टिप्पणी किए बताएं- इन्होंने अपने क्षेत्र में अपनी मेहनत से पहचान बनाई है। इस प्रकार का परिचय न केवल व्यक्ति को गर्वित करता है, बल्कि उनकी छवि को भी उभारता है।किसी का परिचय करवाना एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह परिचय करवाने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी दर्शाता है, उसकी छवि निर्धारित करता है, साथ ही भविष्य में संबंधों की मजबूती को भी प्रभावित करता है।

## खबर संक्षेप



### समाजसेविका को श्रद्धांजलि देने पहुंचे रेवाड़ी विधायक

**मंडी अटेली।** गांव सैदपुर में समाजसेविका सावित्री देवी की सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास समेत दूरदराज के आमजन व खास लोगों ने हिस्सा लेकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। सुबह हवन हुआ तथा उसके बाद प्रीतिभोज का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण यादव ने विशेष रूप से शिरकत की। दिवंगत सावित्री देवी ने अपने पांच पुत्रों व एक बेटी को शिक्षित किया। इसके अलावा वह गांव तथा आसपास में लोगों के दुख सुख में शामिल होती थी। दिवंगत सावित्री देवी के पति अध्यापक लालचंद ने सभा में आने वाले का आभार प्रकट किया।

### नारनौल-जैलाफ रूट पर रोडवेज बस चलाने की मांग

**नारनौल।** जैलाफ नारनौल रोडवेज बस को नियमित रूप से चलाने व रूट पर फेरे बढ़ाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने सोमवार को समाधान शिविर में सीटीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें निवेदन किया कि यह बस नियमित रूप से नहीं चलने से दैनिक यात्रियों को परेशानी के साथ इस रूट को यात्री भार के रूप में कामयाब होने में भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सवारियां असमंजस में रहती है, बस आएगी या नहीं। यात्रीगण की आगे की बस या ट्रेन छूट जाती है तथा कॉलेज व दैनिक कार्यों में भी देरी हो जाती है। अतः इस रूट को कामयाब करने के लिए रोडवेज बस को नियमित रूप से चलाया जाए व इस रूट पर शाम चार बजे या 5:30 बजे चलाकर, फेरे बढ़ाए जाए, जो जनहित में होगा। जैलाफ नारनौल रोडवेज बस तीन जुलाई को शुरू हुई थी। जिसके अन्तर्गत जैलाफ, जाखनी, मरहमपुर व धरसूं, मंडलाना, नसीबपुर गांवों के दैनिक यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी रूट है। रूट पर रोडवेज की यही एकमात्र सुविधा है। जिसके अभी सुबह आठ बजे व दोपहर 2:30 बजे गांव जैलाफ से नारनौल के दो ही फेरे हैं। बस के फेरे शाम चार बजे या 5:30 बजे किया जाना जनहित में होगा।

## आरपीएस पब्लिक सीसे स्कूल सुराना में सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

# बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखाकर मन मोहा

स्कूल के बच्चों ने कई तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आरपीएस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुराना में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीईओ अटेली मुकेश कुमार, जबकि विशिष्ट अतिथि एईओ रमेश कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बाबूलाल यादव ने की। महोत्सव के पहले दिन जिले के सभी खंडों से आई लड़कों की टीमों ने समूह नृत्य, एकल लोक नृत्य, रागनी व लघु नाटिका, फैन्सी ड्रेस व पेंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। लोकनृत्य और रागनी प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। सभी तरह की प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रत्येक टीम बहुत ही अच्छी तैयारी के साथ इस कार्यक्रम में आई और उन्होंने भव्य प्रदर्शन किया। बीईओ अटेली मुकेश कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। छात्र छात्राओं को इस प्रकार के कार्यक्रम में जरूर भाग लेना चाहिए। जीवन के सर्वांगीण विकास में केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं होती, आज लड़कियां हर तरफ अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं।


4 नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### आज लड़कियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम

एईओ रमेश कुमार ने बताया कि 28 अक्टूबर मंगलवार को लड़कियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागी टीमें सुबह 8:30 बजे स्कूल में पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाएं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं की टीम के साथ महिला अध्यापक का होना अनिवार्य है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका रणवीर सिंह, हिमांशु, सुमनलता, पूनम शर्मा, अंजू, प्रमिला आदि ने निभाई ।

### बच्चों की कलात्मक प्रतिभा पहचाने

बल्कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक हैं, जितनी पढ़ाई होती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे इस मंच के माध्यम से बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को पहचान कर उनके मार्गदर्शन में सहयोग करें। जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजेता टीम के सभी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### यह रही विजेता टीमें

ग्रुप डांस में आरपीएस स्कूल प्रथम, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ द्वितीय स्थान पर रहा। फनी डांस में आरपीएस स्कूल प्रथम, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ द्वितीय स्थान पर रहा। ग्रुप सांग प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल प्रथम, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ द्वितीय रहा। बेस्ट एक्टिंग में आरपीएस स्कूल प्रथम, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ द्वितीय, सोलो डांस में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ प्रथम, आरपीएस स्कूल द्वितीय रहा। सोलो सोंग प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ प्रथम, आरपीएस स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। पेंटिंग प्रतियोगिता में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ द्वितीय व आरपीएस तीसरे स्थान पर रहा।



महेंद्रगढ़। वीर नारी को सम्मानित करते एनएसजी कमांडो महेश यादव। फोटो : हरिभूमि

## पूर्व सैनिक एवं वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

वीर सेनानियों के सम्मान में 18 कुमाऊं बटालियन एवं निजी सहयोग से गुरुग्राम में मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वीरांगनाओं एवं सैनिकों को सम्मानित किया गया, जिसमें महेंद्रगढ़ के सैकड़ों 18 कुमाऊ बटालियन के सेवानिवृत्ति योद्धाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शहीदों की वीर नारियों ने भी जिला महेंद्रगढ़ से गुरुग्राम पहुंचकर समारोह की शोभा बढ़ाई और अपना सम्मान ग्रहण किया। यह जानकारी देते हुए कैप्टन अभय सिंह यादव हाजीपुर ने बताया कि इस बार मिलन समारोह में बटालियन के दूसरे कमान अधिकारी ब्रिगेडियर पीएन कोल सहित अनेक सेवानिवृत और सेवारत अधिकारियों के परिवारों और वीर नारियों, जिनके पतियों एवं सपूतों ने देश और यूनिट के लिए अपनी शहादत दी ने शिरकत की।

### बटालियन के इतिहास पर प्रकाश डाला

सर्वप्रथम कैप्टन अभय सिंह हाजीपुर ने अध्यक्ष भाषण में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया, जो विभिन्न जिलों से वहां पहुंचे थे। साथ ही बटालियन के गौरवपूर्ण इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला कि किस प्रकार बटालियन अपनी ऊंचाइयों को छू रही है। पिछले एक वर्ष के दौरान हमसे जो बिछड़ गए, उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कैप्टन अभय सिंह ने आगे बताया कि हमने एक परंपरा डाली है कि वीर नारियों और 80 वर्ष से अधिक आयु के सिपाही से लेकर जनरल तक सभी को सम्मानित करेंगे। संजय यादव हाजीपुर, करण सिंह मास्टर भकरोला, अनिल रामपुरा काका, संजय यादव एसीपी पटीकरा, जग्गू रामपुरा आदि मौजूद रहे।

## जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में गरजे कर्मी


महेंद्रगढ़। कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर्ड संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य मंडल महेंद्रगढ़ के कार्यालय में तीनों उप मंडल अभियंताओं के खिलाफ जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुभाष यादव व मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने की।

इसमें कार्यकारी अभियंता अमित जैन के बुलावे पर दोनों उपमंडल अभियंता के साथ संगठन की मीटिंग हुई। तीनों उपमंडल अभियंताओं में प्रेमचंद एसडीओ छुट्टी पर थे। मौके पर कार्यकारी अभियंता अमित जैन ने दोनों उपमंडल अभियंताओं को कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा तो दोनों एसडीओ के आनाकानी करने पर संगठन और अधिकारी की वार्तालाप टूट गई। संगठन को मजबूर होकर कर्मचारियों की मांगों का समाधान न होने के कारण विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। आंदोलन को तेज किया जाएगा। जिसमें महेंद्रगढ़ शहर की जल व मल व्यवस्था को बंद करने के लिए संगठन को मजबूर होना पड़ सकता है। जिसकी तमाम जिम्मेवारी कार्यकारी अभियंता व तीनों उप मंडल अभियंताओं की होगी।

### मौजूद रहे

इस मौके पर प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र सिंह यादव, विनोद यादव जिला प्रधान, राजवीर जिला मुख्य सलाहकार, दीपक कुमार प्रधान नारनौल, कृष्ण कुमार पूनिया कनीना, वेदपाल चेयरमैन, सुभाष यादव प्रधान नहर विभाग, वीरसिंह शेखावत सतनाली ब्लॉक प्रधान, रमेश चेयरमैन महेंद्रगढ़, कुलदीप सचिव, करण सिंह, सतवीर मुख्य सलाहकार, यशपाल खजांची, सुनील वरिष्ठ प्रधान, रामकुमार, नवीन, प्रदीप, सुरेश, रामविलास, श्रीभगवान आदि मौजूद रहे।

## कारोता के छात्रों ने बॉक्सिंग में जीते 2 कांस्य पदक


नारनौल। समापन पर पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** अरावली पब्लिक स्कूल कारोता के विद्यार्थियों ने एकबार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। गत 25 एवं 26 अक्टूबर को पानीपत में संपन्न हुई राज्य स्तरीय आर्म बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदान प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, लग्न और समर्पण का परिणाम भी है। छात्रों ने बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और अनुशासन का प्रदर्शन किया। मुख्यतः पदक जीतने वाले खिलाड़ी सोनू पुत्र कर्णसिंह कक्षा नौंवी व लोकेश पुत्र जितेंद्र कक्षा आठवीं पदक विजेता बने। विद्यालय चेयरपर्सन डा. राम अवतार चंदेला ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस सफलता में हमारे शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, पीटीआई ओमपाल सिंह, अंकित यादव, सत्यवती यादव, पिंकी यादव, संदीप कुमार, प्रिया यादव, भतेरी यादव, रेणु यादव, प्रियंका, ललिता व नेहा ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी।

## युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं : डॉ. पूर्णप्रभा



महेंद्रगढ़। नशे के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- नशा मुक्ति के संदेश के साथ राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में नुक्कड़ नाटक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूर्णप्रभा के दिशा-निर्देशन में ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व के तहत नशा मुक्ति पर आधारित एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। नुक्कड़ नाटक का मंचन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें एनसीसी, एनएसएस एवं रेडक्रॉस क्लब के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### जो नशा करेगा, वह जीवन में पीछे ही रहेगा

नाटक के दौरान विद्यार्थियों ने ऊर्जावान नारों के माध्यम से वातावरण को जीवंत बना दिया। उन्होंने हजो नशा करेगा, वह जीवन में पीछे ही रहेगा, नशा हटाओ, जीवन बचाओ तथा स्वस्थ जीवन, खुशहाल समाज जैसे प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से स्वयं को दूर रखते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा त्यागना ही नहीं, बल्कि दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। एक सच्चे नागरिक का यही कर्तव्य है। डॉ. बलजीत सिंह एवं प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा समाज की पहचानः प्रो. टंकेश्वर कुमार

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 27 अक्टूबर से दो नवंबर तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विश्वविद्यालय में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं सुशासन की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों व शिक्षणेतर कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में हुए इस आयोजन में विश्वविद्यालय समुदाय ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की शपथ ली। सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर केंद्रित इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता केवल प्रशासनिक शब्द नहीं, बल्कि यह हमारी व्यक्तिगत एवं संस्थागत पहचान का मूल तत्व है।

## निर्माणाधीन आंगनबाड़ी को एक महीने के अंदर करें पूरा : डॉ. राकेश कुमार

- जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा, अधिकारियों को दिए निर्देश
- पीएम के सबका साथ सबका विकास विजन को जमीन पर उतारा जा रहा : डॉ. राकेश


नारनौल। जिला परिषद की बैठक लेते अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी विजन सबका साथ, सबका विकास को हरियाणा सरकार तथा जिला प्रशासन धरातल पर उतरने का कार्य कर रही है। जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों को इस गति को लगातार बनाए रखना है। कुमार सोमवार को जिला परिषद के मीटिंग हॉल में जिला परिषद की बैठक में अध्यक्ष के तौर पर बोल रहे थे। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ उदय सिंह ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक में पिछली कार्रवाई की पुष्टि के बाद केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, विशेष रूप से स्टेट फाइनेंस योजना व 15वें वित्त आयोग के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय सिंह ने सदन को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए कि जिन कार्यों को अभी तक शुरू नहीं करवाया गया है, उन्हें अगले 10 दिनों के भीतर हर हाल में शुरू किया जाए।

### सभी कार्यों को शीघ्र ही पूरा करवा दिया जाएगा

इसके अलावा वर्ष 2018-19 के तहत अनुमोदित आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों को भी एक महीने के अंदर पूरा करवाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं ताकि ग्रामीण बच्चों और महिलाओं को जल्द सुविधा मिल सके। कार्यकारी अभियंता ने सदन को आश्वस्त किया कि सभी कार्यों को शीघ्र ही पूरा करवा दिया जाएगा। प्रधान डॉ. राकेश कुमार ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी विजन सबका साथ, सबका विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 15वें वित्त आयोग जैसी योजनाओं से प्राप्त वित्तीय सहयोग के कारण ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य इतनी तेजी से आगे बढ़ पा रहे हैं।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में युवाओं को जोड़ने के निर्देश


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला में लगातार जागरुकता कार्यक्रम चल रहे हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का भी इस विषय पर पूरा फोकस है। ऐसे में सभी अधिकारी जागरुकता कार्यक्रमों के साथ-साथ अपनी रिपोर्ट जरूर प्रस्तुत करें। यह निर्देश एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय में नशा मुक्त भारत अभियान व नारकोड के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय की ओर से अभियान की पांचवीं वर्षगांठ मनाने के लिए तीन-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता (ऑनलाइन क्विज, निबंध लेखन और वक्तृत्व/समूह चर्चा) शुरू की गई है। इसमें अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी होनी चाहिए। स्कूल कॉलेज के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि अगर किसी बच्चे को काउंसलर की जरूरत है, तो उसकी काउंसलिंग कराई जाए, ताकि उसका जीवन अंधकार में होने से बचाए जा सके। सरकार का मकसद है कि कोई भी युवा नशे जैसी बुराई से हमेशा के लिए दूर रहे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्कूल कॉलेज में काउंसलर का दौरा कराकर मोटिवेशनल स्पीच दिलाएं।

### अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी : प्रवीन तिवारी व कोच रंगा ने खिलाड़ी को बधाई दी

## गौरिका ने 4 ओवर में 8 रन देकर चटकाए 4 विकेट

मैच में गौरिका यादव ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से विरोधी टीम के बल्लेबाजों को पूरी तरह बांधे रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एलीट ग्रुप द्वारा आयोजित महिला अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी हरियाणा बनाम चंडीगढ़ क्रिकेट मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए महेंद्रगढ़ की युवा गेंदबाज गौरिका यादव पुत्री मदन यादव ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मैच में गौरिका यादव ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से विरोधी टीम के बल्लेबाजों को पूरी तरह बांधे रखा। गौरिका यादव ने अपने कोटे के पूरे चार ओवर फेंके, जिसमें उन्होंने एक मेडन ओवर डाला और मात्र 8 रन खर्च करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। उनका इकोनॉमी रेट सिर्फ 2.0 का रहा, जो कि सीमित ओवरों के प्रारूप में असाधारण माना जाता है। बल्लेबाजों पर प्रभुत्व कायम रखते हुए गौरिका यादव ने अपनी सटीक लाइन और लेंथ से प्रमुख बल्लेबाजो को बांधे रखा और उन्हें बाउंड्री लगाने का कोई मौका नहीं दिया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादयान ने बताया कि आरपीएस डिग्री कॉलेज की बीएससी द्वितीय वर्ष जीव विज्ञान विभाग की छात्रा और महेंद्रगढ़ की प्रतिभाशाली खिलाड़ी गौरिका यादव ने इस शानदार प्रदर्शन से हमारा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। उनके असाधारण प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें टीम के उप-कप्तान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। जिला क्रिकेट संघ की ओर से इस उपलब्धि पर जिला सचिव प्रवीन तिवारी और कोच प्रवीन रंगा ने गौरिका को बधाई देते हुए कहा गौरिका की मेहनत रंग लाई है। आरपीएस डिग्री कॉलेज संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व सीईओ मनीष राव, निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव एवं अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बाजरा की भावांतर भरपाई राशि 975 रुपये करने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने राज्य सरकार से बाजरा भावांतर की राशि 575 से बढ़ाकर 975 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की है। अतरलाल ने जिले की अनाज मंडियों का दौरा करने के बाद कहा कि बाजरा भावांतर योजना किसानों को ठग रही है। सरकार ने बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये तय किया था। जिसमें 2200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीदा जाना था और 575 रुपये भावांतर राशि किसानों के खातों में समायोजित करनी थी, लेकिन मंडियों में बाजरा की सरकारी खरीद न होने के कारण किसानों को 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को 400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए सरकार को तत्काल भावांतर राशि बढ़ाकर 975 रुपये प्रति क्विंटल के

## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के आवेदन करें 30 तक

**चरखी दादरी।** सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए हर वर्ष अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। करनाल के कुंजपुरा स्थित सैनिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छठी व नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए छात्र व छात्राओं से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए। पात्र विद्यार्थी स्कूल की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है तथा वेबसाइट पर अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का ब्रॉशर भी उपलब्ध है।

### बेतरतीब खड़े वाहन रोक रहे वाहनों के कदम

**बहल।** बहल भिवानी रोड पर कस्बे के मुख्य बाजार में काफी समय से जाम की समस्या बनी हुई है। मार्ग से गुजरने वाले राहगीर अपने वाहनों को बीच सडक़ मार्ग में खड़ी कर जाते हैं जिससे दिन में अनेक बार जाम की स्थिति बन जाती है और वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। पुलिस ने एक कर्मचारी की ड्यूटी भी लगा रखी है, पर व्यवस्था सुचारू नहीं बन पा रही है।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीष नागपाल ने बताया कि 29 अक्टूबर को जिला कष्ट निवारण एवं परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### महत्वाकांक्षी श्रेष्ठा योजना में विद्यार्थियों के चयन

**भिवानी।** केंद्र सरकार की सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली आवासीय शिक्षा प्रदान करने की महत्वाकांक्षी योजना श्रेष्ठा के तहत प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### शिविर में भिवानी की एन सी सी इकाई के 28 कैडेट्स का दल रवाना



**भिवानी।** आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित कैडेटस व शिक्षक।

# प्रशिक्षण शिविर युवाओं की प्रतिभा निखारने का मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर न केवल युवाओं के अंदर छुपी प्रतिभा को संवारने का बेहतरीन मंच है बल्कि वह उनकी क्षमताओं को भी निखारते हुए उनकी रचनात्मकता और कलात्मक दृष्टि को भी बढ़ावा देता है। यह बात 11 हरियाणा एन सी सी बटालियन भिवानी द्वारा बीआरसीएम कॉलेज बहल में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी इकाई के 28 कैडेट्स के दल को रवाना करते हुए वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही। उन्होंने महाविद्यालय की एन सी सी इकाई के अधिकारियों कैप्टन डॉ अनिल तंवर, डॉ मनीष कुमार व लेफ्टिनेंट डॉ रीना को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय की एन सी सी इकाई के कैडेट्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। महाविद्यालय की एन सी सी अधिकारी कैप्टन डॉ अनिल तंवर ने बताया कि 11 हरियाणा एन सी सी बटालियन भिवानी द्वारा बीआरसीएम कॉलेज बहल में आज से दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

#### अनेकों गतिविधियों में भाग लेंगे कैडेट्स

इस प्रशिक्षण शिविर में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी इकाई के 28 कैडेट्स अनेकों गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रशंसनीय प्रदर्शन करेंगे। इन कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर में अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि अंडर ऑफिसर दीपेंद्र के नेतृत्व में आज महाविद्यालय के 28 कैडेट्स का दल रवाना हुआ। कैडेट्स के दल को रवाना करने के अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, एन सी सी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर एवं एन सी सी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों की मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा तेज

# पत्रकारिता और समाजकार्य की डिग्री को डिप्लोमा में बदलने पर विद्यार्थी दे रहे धरना

**विद्यार्थियों के हितों को दरकिनार कर सीबीएलयू बनी आरएसएस के प्रचार का अड्डा: गुलिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में समाज कार्य और पत्रकारिता विभाग की स्नातकोतर डिग्री को डिप्लोमा में बदलने के विरोध में सीबीएलयू के सामने जारी विद्यार्थियों का धरना सोमवार को 20वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान विद्यार्थियों के धरने को समर्थन करने कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया सहित कामरेड ओमप्रकाश, कमल प्रधान सहित अन्य कांग्रेस नेता पहुंचे तथा विद्यार्थियों की मांगों को जायज बताते हुए जल्द से जल्द इन्हे पूरा करने की मांग की। इस दौरान धरने की अध्यक्षता छात्र नेता सुमित बराड़ ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं व विद्यार्थियों ने सरकार व सीबीएलयू प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



**भिवानी।** धरने के दौरान विरोध जताते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व

#### 20 दिनों से धरना जारी

इसके विरोध में विश्वविद्यालय के बाहर विद्यार्थी 20 दिनों से धरने पर बैठे हैं। बराड़ ने कहा कि उनकी विश्वविद्यालय प्रशसन से मांग है कि जल्द डिप्लोमा को पहले की भांति डिग्री में बदला जाए, क्योंकि विद्यार्थियों ने डिग्री के लिए आवेदन किया था, डिप्लोमा के लिए नहीं। इस मौके पर कामरेड ओमप्रकाश, कमल सिंह प्रधान, सुरेश प्रजापत, शीला गौरा, रजत वाल्मीकि, संजय गांधी, मास्टर बलवंत घणघस, शिवकुमार धानक, सेठी धनाना, सुमित बराड़, प्रवीण बूरा, अपूर्व यादव, आयुष बापोड़ा, दीपक देशवाल, विरेंद्र बापोड़ा, महेंद्र यादव व बलबीर सरोहा आदि मौजूद रहे।

#### प्रशासन विद्यार्थियों की बात पर नहीं दे रहा ध्यान

विद्यार्थियों के धरने को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, कामरेड ओमप्रकाश व कमल सिंह प्रधान ने कहा कि ने कहा कि ये बहुत ही शर्म व निंदा की बात है कि सीबीएलयू जैसे बड़े शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों के हितों को दरकिनार करते हुए इसे आरएसएस के प्रचार का अड्डा बनाया जा रहा है, जो कि भाजपा का शिक्षा के पतन की तरफ कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने हक की मांग को लेकर पिछले 20 दिनों से धरने पर बैठे है, लेकिन विवि प्रशासन मौन बैठा है और विद्यार्थियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि विवि विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है तथा कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगी और विद्यार्थियों के हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगी।



**भिवानी।** शहीद भगतसिंह चौक पर विरोध जताते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

### लोकतंत्र खतरे में, वोट चोरी रूकेगी तभी लोकतंत्र बचेगा : शेषमा

**'वोट अधिकार जनचेतना प्रदर्शन' 66वें दिन भी जारी**

**भिवानी।** नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाई 'वोट अधिकार' की आवाज के अनुरूप एवं जनचेतना के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह चौक पर 22 अगस्त से शुरू किया। 'वोट अधिकार जनचेतना प्रदर्शन' 66वें दिन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शन का संचालन एडवोकेट सोमवीर शेषमा ने किया। प्रदर्शन हररोज शाम पांच बजे से साढ़े छह बजे तक किया जाता है। प्रदर्शन के दौरान अपनी बात रखते हुए मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया कि हकीकत में देश की आंखें खोलने के लिए वोट अधिकार एवं वोट चोरी का मुद्दा उठाया तो नेता विपक्ष राहुल गांधी ने है, लेकिन ये मुद्दा देश का मुद्दा है। इस मुद्दे का हल तभी निकलेगा जब पूरा देश एकजुट होकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करेगा। वोट चोरी रुकेगी, तभी वोट का अधिकार बच पाएगा और देश में लोकतंत्र जीवित रह सकेगा, अन्यथा लोकतंत्र, तानाशाही सोच रखने वाली वर्तमान भाजपा सरकार की आंख में किरकिरी बना हुआ है। वोट चोरी को भाजपा सरकार ने सत्ता में बने रहने का साधन बना लिया है। वोट चोरी के चलते सरकार को मतदाताओं की कोई जरूरत महसूस नहीं होती, इसलिए जनमानस के हित के काम करने की सरकार की कोई सोच नहीं है। सरकार देश के सभी संसाधनों को कुछ पूंजीपतियों के हाथ में समेट देना चाहती है, ताकि उन पूंजीपतियों की सहायता से देश पर लंबे समय तक शासन में बना रहा जा सके। ये हर देशवासी, सामाजिक संगठन, यूनियन एवं नागरिक संस्थाओं को समझनी होगी और वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी, जिस प्रकार अंग्रेजों से देश की स्वतंत्रता के लिए एकजुट होकर आंदोलन किया था, उसी तर्ज पर वर्तमान एजेंडा सरकार के खिलाफ आंदोलन करना होगा और लोकतंत्र की रक्षा में उतरना होगा।

**भाजपा सरकार में महिलाएं खुद को करती है असुरक्षित महसूस : प्रोमिला चौहान**

### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है इनेलो संगठन: तनुजा कश्यप


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करती महिला नेत्री।

**महिला नेत्रियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप और प्रदेश संगठन सचिव प्रोमिला लोहान सोमवार को भिवानी पहुंचीं, जहां उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न कायक्रमों में शिरकत की और उपस्थित लोगों से इनेलो में महिलाओं की अधिक से अधिक भा गी दा री सुनिश्चित करने का आह्वान किया। दोनों महिला नेत्रियों ने भिवानी में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित किया। इस दौरान इनेलो बीसी हल्का अध्यक्ष सतेंद्र गांधी की अध्यक्षता में डाबर कॉलोनी में, इंदु परमार के कार्यालय में और विरेंद्र ग्रेवाल की अध्यक्षता में कोंट रोड़ पर आयोजित हुआ।

#### महिलाओं की राजनीति में भागीदारी

इनेलो महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप ने कहा कि किसी भी समाज और राजनीतिक दल की प्रगति के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर और आस-पड़ोस की महिलाओं को इनेलो की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ें, ताकि वे प्रदेश की राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। प्रदेश संगठन सचिव प्रोमिला लोहान ने इनेलो की महिला हितैषी नीतियों और पूर्व में इनेलो सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इनेलो के सत्ता में आने पर महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वरोजगार को प्राथमिकता दी जाएगी । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु, इंदु परमार, शारदा मिश्रा, कृष्ण स्वामी, जगराम साहब, विरेंद्र ग्रेवाल, डा. मनजीत दुल अदि रहे।

#### कार्यकर्ताओं से से कहा की वे और महिलाओं को संगठन से जोंड़े

इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दोनों महिला नेत्रियों ने इनेलो की महिला हितैषी सोच बारे अवगत करवाया तथा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोडने का कार्य करें।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में निकाली गई नो टोबैको रैली



**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस नो टोबैको रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विद्यालय के 'लीगल लिटरेसी क्लब' के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व क्लब प्रमुख ''देवदत्त'' ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक ''साहिल यादव'' के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर "तंबाकू छोड़ो, जीवन बचाओ" और "स्वस्थ भारत का सपना, नशा मुक्त हो अपना" जैसे नारों के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्राचार्या ''गीता यादव'' और वरिष्ठ शिक्षिका ''मंजू भारद्वाज'' ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए।

# शिविर में उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

- जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निवारण करना सरकार की प्राथमिकता : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें ताकि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या बार-बार न दोहरानी पड़े। उपायुक्त ने कहा कि सरकार का समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निवारण करना है।



**भिवानी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते उपायुक्त डॉ. मुनीश

#### समाधान शिविर में शिकायत समाधान

जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर सहित सीएम विंडो आदि माध्यमों से आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता दें और समय पर उनका समाधान करें। साथ ही सभी कार्यालय अध्यक्ष शिविर में अपने साथ सभी शिकायतों की एटीआर लेकर आएं और मौके पर ही उनको अपडेट कराएं।उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से जनता की शिकायतें सीधे सुनी जा रही हैं, जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ है। इन शिविरों से नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो जाता है। इस दौरान उन्होंने बिजली, पेंशन, पानी, पीपीपी से संबंधित शिकायतों को सुना और उन्होंने प्रत्येक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शिविर में 160 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



**लायंस क्लब भिवानी सिटी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर**

**भिवानी।** लायंस क्लब भिवानी सिटी ने हुडा पार्क में विकसित भारत स्वस्थ भारत के उद्देश्य से स्वास्थ्य जांच लगाया। शिविर में 160 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें मुख्य रूप से सहयोग नरेंद्र अग्रवाल का रहा। लायंस क्लब के सचिव सुरेश केडिया ने कहा कि तनावग्रस्त जीवन व प्रदूषित हवा के कारण शरीर में अनेक प्रकार बीमारियां आ रही हैं, जिसमें शुगर, थायराइड, बीपी आदि प्रमुख है। इनके कारण कई जानलेवा बीमारियां भी हो जाती है। क्लब के प्रधान ने लोगों को जीवन शैली व खानपान में सुधार व योग करने की सलाह दी है और कहा कि स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन हर रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर लॉयन नरेश अग्रवाल, लॉयन प्रदीप जैन, लॉयन ललित अग्रवाल, लॉयन अनिल हलवासिया, लॉयन सुरेश केडिया, लॉयन राजीव गर्ग, लॉयन पूनम बजाज, लॉयन लछमीकान्त अग्रवाल व विशेष रूप से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी समाजसेवी लॉयन लक्ष्मण गौड़ भी उपस्थित रहे।

# युवाओं को दिलवाया सामाजिक एकता एवं अखंडता का संकल्प

**रैडक्रॉस सोसायटी का पांच दिवसीय यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग का आगाज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को हुआ। यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग का शुभारंभ सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रैडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनेट के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया।



#### युवाओं में समाज सेवा और नेतृत्व विकास

सचिव रैडक्रॉस प्रदीप ने कहा कि यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग के माध्यम से युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद कर उन्हें समाज के प्रति उनकी जिम्मेवारियों का बोध करवाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रेडक्रास द्वारा समाज के कल्याण एवं भलाई के लिए किए जा रहे प्रयासों, कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें तथा समाज को भी जागरूक करें। रैडक्रॉस सचिव प्रदीप ने कहा कि पांच दिवसीय यूथ यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कार्यक्रम युवाओं को समाज में जरूरतमंदों की मदद करने और आपदाओं के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, रक्तदान, स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों में योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगी, जिसका मुख्य उद्देश्य रेडक्रॉस के मूल सिद्धांतों और इसके मानवीय उद्देश्यों का परिचय, आपदाओं से निपटने की तकनीकें, प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम आदि, युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें, जरूरतमंदों की सेवा करना, जिसमें बुजुर्गों, बच्चों, और बीमार लोगों की देखभाल शामिल है।

### विद्यार्थियों ने जन्मोत्सव पर दिया पराली प्रबंधन का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश व केंद्र सरकार तथा जिला उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे ग्रीन गोल्ड 2025 जागरूकता अभियान के तहत भिवानी के विवेकानंद हाई स्कूल में विद्यार्थियों ने एक अनोखा संदेश दिया। कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अपना जन्मोत्सव स्वच्छ पर्यावरण के संकल्प के साथ मनाया और पराली प्रबंधन के महत्व पर जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पराली जलाना केवल खेतों की मिट्टी को नहीं, बल्कि पूरे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाता है। विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया कि "पराली जलाना नहीं, समाधान अपनाना ही सच्चा पर्यावरण प्रेम है।" अभियान के संयोजक एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

**यदुवंशी मंदौला विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

# अंग्रेजी सुलेख में वान्या व हिंदी में तनीषा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन मंदौला में सोमवार 27 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया,जिन्होंने रविवार 26 अक्टूबर को आयोजित यदुवंशी समूह की अंतर-विद्यालय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया। समारोह के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाए दीं।

सभी प्रतियोगिताएं 26 अक्टूबर को यदुवंशी समूह के विभिन्न



**भिवानी।** विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

विद्यालयों हांसी, सतनाली, महेन्द्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना और मंदौला में करवाई गई,जिनमें समूह के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में मंदौला विद्यालय के विद्यार्थियों ने कई विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में लड़कियों ने प्रथम स्थान, लड़कों ने द्वितीय स्थान तथा कनिष्ठ वर्ग के लड़कों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बास्केट बॉल में लड़कों ने तृतीय स्थान हासिल किया, वहीं वॉलीबॉल में मंदौला की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में मंदौला की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुश्ती में योगेश द्वितीय,गोला फेंक में अभिमन्यु ने द्वितीय, भाषण प्रतियोगिता में मेघना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंग्रेजी सुलेख में वान्या व हिंदी सुलेख में तनीषा प्रथम, वंश, अनुराधा व सौम्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। आओ जीतें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में तनीषा द्वितीय स्थान पर रहीं। मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मंदौला विद्यालय के छह विद्यार्थियों ने प्रथम तथा एक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

#### छात्रों का गौरव बढ़ाया

प्राचार्य नरेंद्र यादव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों की मेहनत और लगन ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं यदुवंशी समूह के अध्यक्ष राव बहादुर सिंह ने कहा कि यदुवंशी परिवार का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। हमारे विद्यार्थी ही हमारी सच्ची पहचान हैं और आज उन्होंने ये सिद्ध कर दिखाया है।